जागरण

# बुनकरों पर मेहरबान योगी सरकार, कच्चा माल खरीदने के लिए दी जाएगी पूंजी, बिजली भी होगी सस्ती; यह है पूरी योजना

**Author:** Umesh Tiwari

Publish Date: Mon, 06 Jun 2022 11:07 PM (IST)    Updated Date: Mon, 06 Jun 2022 11:07 PM (IST)



यूपी के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार बुनकरों के साथ खड़ी है। जो भी वादा किया गया है उसको हर हाल में पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि बुनकरों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए इसीलिए बैठक की गई है।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। छोटे उद्योग और कारोबार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बुनकरों के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। तय किया गया है कि कच्चा माल खरीदने के लिए उन्हें पूंजी दी जा सके, इसके लिए रिवाल्विंग फंड बनाया जाएगा। तमाम रियायतें और सुविधाएं शामिल करते हुए नई वस्त्रोद्योग नीति भी जल्द लागू की जाएगी।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान और विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने बैठक कर प्रदेशभर के बुनकरों से सुझाव ले लिए हैं, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखे जाएंगे। प्रदेश के बुनकरों को जल्द ही सस्ती बिजली मिलेगी। बुनकरों की मांग के मुताबिक उन्हें बिजली दरों पर छूट दिए पर विचार किया जा रहा है।

खादी भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में एमएलसी अशोक धवन और विधायक रफीक अंसारी के साथ प्रदेशभर के बुनकर शामिल हुए। मंत्री राकेश सचान ने सभी से सुझाव लेने के बाद कहा कि योगी सरकार बुनकरों के साथ खड़ी है। जो भी वादा किया गया है, उसको हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि बुनकरों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए, इसीलिए बैठक की गई है । सभी सुझाव और प्रस्तावों के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर योगी के सामने प्रस्तुत की जाएगी।

नवनीत सहगल ने बुनकरों को बताया कि कच्चा माल खरीदने में आने वाली वित्तीय कठिनाई को दूर करने के लिए जल्द ही रिवाल्विंग फंड नाम से योजना लाई जाएगी। इससे बुनकरों को आसानी से पूंजी उपलब्ध होगी। वाराणसी में सिल्क एक्चेंज शुरू होगा। नई वस्त्रोद्योग नीति बनाई जा रही है। सोलरलूम यानी सौर ऊर्जा से चलने वाला करघा लगाने वाले बुनकरों को अनुदान भी दिया जाएगा।

दस किलोवाट कनेक्शन तक फ्लैट रेट पर मिलेगी बिजली : बैठक में बुनकरों ने सबसे ज्यादा जोरदारी से फ्लैट रेट पर बिजली दिए जाने की मांग ही उठाई। इस पर विभागीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार अपने संसाधनों को देखते हुए बुनकरों की मांग के अनुसार बिजली दर में छूट देने पर विचार कर रही है। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि विभाग इस पर पहले ही कसरत कर चुका है। विचार है कि पावरलूम बुनकरों को दस किलोवाट तक के बिजली कनेक्शन पर फ्लैट रेट पर सब्सिडी दी जाए।